उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद(यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

खुली निविदा संख्याः– 09/2024–25/26643
दिनांक : 14 नवम्बर, 2024

# निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा अगले दो वर्ष की अवधि के दौरान परिषद में आयोजित होने वाली विज्ञान सम्मेलनों, सेमिनारों एवं कार्यशालाओं आदि हेतु कौन्फरेंस बैग की आपूर्ति हेतु सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक 21 नवम्बर, 2024 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे तक दो बोली प्रणाली में निविदायें आमान्त्रित की जाती हैं। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना परिषद (यूकॉस्ट) की वेबसाइट www.ucost.uk.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक निविदादाता विस्तृत निविदा सूचना को उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

महानिदेशक, यूकॉस्ट को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**प्रशासनिक अधिकारी**

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद(यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

खुली निविदा संख्याः– 09/2024–25/26643
दिनांक : 14 नवम्बर 2024

# निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा ***संलग्न ऐनेक्जर–ग*** में वर्णित विवरणानुसार परिषद में आयोजित होने वाली विज्ञान सम्मेलनों, सेमिनारों एवं कार्यशालाओं आदि हेतु कौन्फरेंस बैग की आपूर्ति हेतु सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्ताओं से **दो बोली प्रणाली में (in two bid system)** निम्नवर्णित नियमों और शर्तों (terms & condition) पर 02 वर्ष की अवधि हेतु, जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है, मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैंः–

1. निविदादाता को जारी जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाणपत्र की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ भेजी जाय। यदि निविदादाता को जी.एस.टी. पंजीकरण से छूट प्राप्त है तो समर्थक दस्तावेज (**supporting document**) की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न की जाय। ऐसा न करने पर निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा।

2. निविदादाता का पिछले 03 वित्तीय वर्षों, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 के दौरान न्यूनतम वार्षिक टर्न ओवर रू. 1,00,00,000 (रूपये एक करोड़ मात्र) होना चाहिये और टर्न ओवर की **चार्टर्ड अकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपियाँ** तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जानी चाहियें।

3. निविदादाता का पिछले 03 वित्तीय वर्षों, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 की आयकर निर्धारण आदेशों/आयकर रिटर्न्स की **स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ** तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जायें।

4. निविदादाता के पास सरकारी विभागों/निगमों/स्वायत्तशासी संस्थानों आदि को सम्बन्धित मदों की आपूर्ति करने का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव होना चाहिये। सम्बन्धित अनुभव प्रमाणपत्रों की **स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ** तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जायें।

5. तकनीकी बोली के साथ रू. 25,000 (रूपये पच्चीस हजार मात्र) की बयाना राशि **(Earnest Money Deposit)** किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से महानिदेशक, यूकॉस्ट, देहरादून के नाम

से बने अकाउन्ट पेई डिमाण्ड ड्राफ्ट या पे आर्डर के रूप में तकनीकी बोली के साथ लगायी जाये। निविदा खुलने के बाद किसी भी शर्त का पालन न करने या अपनी निविदा का सम्मान न करने पर निविदादाता द्वारा जमा की गयी राशि जब्त कर ली जायेगी।

**6.** निविदादाताओं द्वारा जिन मदों की आपूर्ति हेतु दरें प्रस्तुत की जाये, दिनांक 21 नवम्बर, 2024 को तकनीकी बोली खुलने की तिथि तक उन मदों के नमूने परिषद (यूकॉस्ट) कार्यालय में जमा कर दिये जायें। प्रस्तुत नमूनों की गुणवत्ता अच्छी पाये जाने पर ही प्रस्तुत बोली पर आगे विचार किया जायेगा।

**7.** सफल निविदादाता द्वारा आपूर्ति उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये अनूमोदित नमूने के अनुसार ही होनी चाहिये। ऐसा न होने पर आपूर्ति को आपूर्तिकर्ता के जोखिम और लागत पर अस्वीकार दिया जायेगा, जिसे आपूर्तिकर्ता को तत्काल बदलना होगा ऐसा न करने पर यूकॉस्ट को सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता के जोखिम लागत परव अस्वीकार की गयी मद या मदों को अन्य आपूर्तिकर्ता से क्रय करने और उनकी धरोहर राशि को पूर्ण रूप में या आंशिक रूप में जब्त करने का अधिकार होगा।

8. **नियम व शर्त (term and condition) संख्या '1' से '5' में वर्णित दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपियाँ तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जायें। नियम व शर्त संख्या–6 के अन्तर्गत वांछित नमूने तकनीकी बोली की तिथि तक परिषद कार्यालय में जमा कर पावती प्राप्त कर ली जाये, वांछित दस्तावेज तकनीकी बोली के साथ संलग्न न करने पर तकनीकी बोली को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।** तकनीकी बोली को एक सीलबन्द लिफाफे में रखा जाय जिस पर मोटे अक्षरों में **''कौन्फेरेंस बैग्स आदि हेतु दिनॉक 21–11–2024 को खोली जाने वाली तकनीकी बोली''** लिखा जाय।

**9.** निविदादाता द्वारा अपनी वाणिज्यिक बोली (commerial bid) **संलग्न ऐनेक्जर–ग** पर दी जायें, जिस पर निविदादाता के हस्ताक्षर किये जायें और हस्ताक्षार के नीचे मोहर लगायी जाय। वाणिज्यिक बोली को अलग सीलबन्द लिफाफे में, जिसके ऊपर मोटे अक्षरों में खुलने तक वांछित नमूने उपलब्ध न कराये जाने पर अथवा जमा किये गये नमूनों की गुणवत्ता अच्छी न पाये जाने पर **21–11–2024 पर कौन्फेरेंस बैग आदि हेतु वाणिज्यिक बोली''** लिखा जाय।

**10.** तकनीकी बोली और वाणिज्यिक बोली के लिफाफों को एक तीसरे सीलबन्द लिफाफे में जिस पर मोटे अक्षरों में **''कौन्फेरेंस बैग आदि की आपूर्ति हेतु निविदा''** लिखा हो, दिनांक 21 नवम्बर, 2024 की प्रातः 11:00 बजे तक परिषद कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। प्राप्त निविदाओं को दिनॉक 21 नवम्बर, 2024 को ही अपराह्न में 03:00 बजे निविदादाताओं के उपस्थित प्रतिनिधियों के सामने खोला जायेगा।

**11.** जिन निविदादाताओं की तकनीकी बोली उपयुक्त पायी जायेगी केवल उन्हीं निविदादाताओं की वाणिज्यिक बोली को बाद में खोला जायेगा। वाणिज्यिक बोली खोलने की तिथि सम्बन्धित निविदादाताओं को बाद में सूचित की जायेगी।

**12.** **देरी से प्राप्त या बिलम्बित निविदाओं (late or delayed tenders)** पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः निविदादाता अपनी निविदायें समय पर भेजना/पहुंचना सुनिश्चित करें।

**13.** सफल निविदादाता को धरोहर राशि के रूप में रू. 25,000/– (रूपये पच्चीस हजार मात्र) की राशि महानिदेशक, यूकॉस्ट के नाम से न्यूनतम 02 वर्ष के लिये बनी सावधि जमा रसीद (Term Deposit Receipt) के रूप में जमा करनी होगी। सफल निविदादाता द्वारा जारी अनुबन्ध की किसी भी शर्त का पालन न करने पर महानिदेशक को अपने विवेक से जमा धरोहर राशि को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप में जब्त करने का अधिकार होगा।

**14.** महानिदेशक, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**संलग्नकः ऐनेक्जर–ग**

**प्रशासनिक अधिकारी**

ऐनेक्जर–ग

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) को विभिन्न मदों हेतु निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरें।

| क्र.सं. | वांछित वाहन सेवाओं का विवरण | मूल दर प्रति इकाई (रूपये में) | देय जी.एस.टी. (रूपये में) | निवेदित दर (प्रति इकाई) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अकों में (रू.) | शब्दों में (रू.) |
| 1. | **कौन्फरेंस बैग – उच्च गुणवत्ता**<br><br>Dimension: 35 liters<br>Number of Compartments:4<br>Laptop Compatibility: Up to 16 Inches<br>Material: Polyester<br>Water Resistance Level: Waterproof<br>PREMIUM FABRIC: Polyester, Closure Type: Zipper, Gender: Unisex, Colour – Mixed<br>Pocket Description: Utility Pocket;<br>Water Resistance Level: Waterproof | | | | |
| 2. | **कौन्फरेंस बैग – मध्यम गुणवत्ता**<br><br>Dimension: 35 liters<br>Number of Compartments:4<br>Laptop Compatibility: Up to 16 Inches<br>Material: Polyester<br>Water Resistance Level: Waterproof<br>PREMIUM FABRIC: Polyester, Closure Type: Zipper, Gender: Unisex, Colour – Mixed<br>Pocket Description: Utility Pocket;<br>Water Resistance Level: Waterproof | | | | |
| 3. | **जूट बैग** | | | | |

टेंडर खोले जाने के दिन बैग का सैंपल प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

निविदादाता के प्रधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

नाम :

मुहर :